Publication: **Dainik Jagran** l Region: **Kolkata** l Date: **06/12/2013** l Page No.: **11**

रिलायंस लाएगी 25 नई बीमा पॉलिसियां

नितिन प्रधान, पंजिम (गोवा):

पहली जनवरी, 2014 के बाद जीवन बीमा के बदलने वाले दिशानिर्देशों को देखते हुए रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस 25 नए प्लान बाजार में उतारने जा रही है। जनवरी के बाद अगले तीन महीने में कंपनी की ये नई बीमा पॉलिसियां बाजार में आ जाएंगी। कंपनी की सभी पॉलिसियों को बीमा नियामक इरडा की मंजूरी मिल चुकी है।

नई पॉलिसियों को बेचने के लिए कंपनी डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को और मजबूत करने की तैयारी कर रही है। रिलायंस लाइफ के सीईओ अनूप राउ ने यह एलान करते हुए कहा कि बीमा उद्योग के बदले परिदृश्य में कंपनी का फोकस पारंपरिक पॉलिसियों पर होगा। कंपनी ने ग्राहकों की जरूरत के मुताबिक पॉलिसी तैयार की हैं। नए साल के बाद कंपनी के सालाना कारोबार में 80 फीसद हिस्सा पारंपरिक बीमा और 20 प्रतिशत यूनिट लिंक्ड पॉलिसियों का होगा।बीमा नियामक इरडा के नए दिशानिर्देशों के बाद पहली जनवरी के बाद सभी बीमा कंपनियों को अपना कारोबार तीन श्रेणियों में सीमित करना होगा। पारंपरिक बीमा पॉलिसी, वैरिएबल बीमा पॉलिसी और यूनिट लिंक्ड प्लान (यूलिप)। राउ ने बताया कि रिलायंस लाइफ अगले कुछ महीनों में कई नई बीमा पॉलिसियों के लिए इरडा की मंजूरी मांगने जा रही है। इससे कंपनी के ग्राहकों को पॉलिसियों की व्यापक रेंज मिल पाएगी।

नए साल की तैयारी

- इरडा के नए दिशानिर्देशों के अनुरूप होंगे सभी उत्पाद
- कई नई पॉलिसियों के लिए आवेदन करने की योजना

रिलायंस लाइफ कारोबार के विस्तार के लिए पूरी तरह अपने एजेंट नेटवर्क पर निर्भर है। कंपनी के पास 80 हजार एडवाइजरों का विशाल नेटवर्क है। इसे बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। कंपनी ने ग्राहकों के साथ संपर्क बनाने के अपने अन्य चैनलों में 1,500 लोगों की भर्ती भी की है। कंपनी अपनी पॉलिसियों की बिक्री के लिए बैंकों से भागीदारी की संभावनाएं भी तलाश रही है। बीमा उद्योग की धीमी रफ्तार के बावजूद रिलायंस लाइफ का नए बिजनेस का प्रीमियम बढ़ रहा है। चालू वित्त वर्ष में कंपनी का कुल सालाना प्रीमियम 4,000 करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगा।